अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 15 फरवरी 2020

Page No : 09 TOP

एसआरएमएस में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी में दो दिवसीय सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिता अंताग्नि की शुरुआत शुक्रवार से हुई। पहले दिन 28 प्रतियोगिताएं हुईं। ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने मशाल जलाकर और आमोद ध्वज फहरा कर प्रतियोगिताओं की शुरुआत की।

खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत दमखम दिखाते युवा। संवाद

मां सरस्वती और गणेश वंदना के साथ ही संस्थान गीत गाया गया। वाराणसी से आए योगी प्रतीक चैतन्य ने ध्यान संगीत के माध्यम से विद्यार्थियों को ज्ञान बढ़ाने और समाज का लीडर बनने के टिप्स दिए। योगी चैतन्य ने ध्यान संगीत के अपने प्रस्तुतीकरण में श्रीराम नाम महिमा का भी बखान किया। ब्यूरो